वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 312 रविवार 10 मार्च 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# 32 आउट फिट में दिखे विरासत के खूबसूरत रंग

## फैशन वीक में मुगल गार्डेन से इंस्पायरिंग कलेक्शन, कॉलेज डायरेक्टर अर्चना सुराणा और रुमा देवी ने रैंप वॉक जरिये दिखाया महिला सशक्तिकरण



**जयपुर. कासं**

यूं तो महिला दिवस 8 मार्च को मनाया जाता है ,लेकिन जब बात महिलाओं की हो तो सशक्तिकरण की चर्चा महीनों और सालों तक रहती है। महिला सशक्तिकरण का ऐसा ही स्वरुप देखने को मिला फैशन शो के दौरान ,जहां महिलाओं ने खूबसूरत आउट फिट में अपनी सादगी और सुन्दरता को फैशन के माध्यम से मंच पर दिखाया ,जिसमें एक तरफ फैशन और ट्रेंड के रंग शामिल थे तो दूसरी ओर महिला शक्ति के रंग भी मौजूद थे। आर्च कॉलेज ऑफ डिजाइन एंड बिजनेस की और से फैशन वीक का आयोजन किया गया। शनिवार को होटल मैरियट में आयोजित इस फैशन वीक में के स्टूडेंट्स ने द लस्टर स्टोरीज थीम कॉन्सेप्ट को रैंप पर खूबसूरती से दर्शाया गया। फैशन डिजाइन के स्टूडेंट्स ने अपनी क्रिएटिविटी के साथ इनोवेटिव सोच को एक साथ क्राफ्ट के जरिए लोगों तक पहुंचाया। पिंक,ऑरेंज, बुल, ग्रे, सिल्वर के साथ समर लुक, पार्टी लुक कॉन्सेप्ट को रैंप पर उतारा। मॉडल्स ने म्यूजिक बीट पर कैटवॉक इंटरनेशनल लूक को दर्शाया। करीब 32 डिजाइनर वियर में स्टूडेंट्स सांस्कृतिक विरासत और व्यक्तिगत कथाओं के अनूठे मिश्रण को दर्शाया ।जहां एक तरफ मॉडल्स रैंप वाक के जरिए स्टूडेंट्स की क्रिएटिविटी को रैंप पर प्रस्तुत करती नजर आयी वहीं दूसरी तरफ आर्च कॉलेज की डायरेक्टर अर्चना सुराणा और बाड़मेर की सोशल वर्कर रूमा देवी रैंप वॉक स्टूडेंट्स को प्रेरित करती नजर आई। यह कलेक्शन, थ्रेड्स ऑफ रिमेंबरेंस की थीम पर परिकल्पित किया गया है, जिसमें प्रत्येक आउटफिट में प्रभावशाली शख्सियतों और सांस्कृतिक विरासत को खूबसूरती से पिरोया गया है। मुगल गार्डेन से प्रेरणा लेते हुए, संग्रह में ऐसे परिधान शामिल थे जो डिजाइनर के जीवन में महत्वपूर्ण व्यक्तियों के साथ अदृश्य संबंधों का प्रतीक थे, प्रत्येक सिलाई उनके प्रभाव को श्रद्धांजलि देती थी। संग्रह में पुष्प रूपांकनों को भी शामिल किया गया है जो सकारात्मकता और भावुकता पैदा करते हैं, जो पुरानी यादों की सुंदरता से प्रेरित हैं। इसके अतिरिक्त अमूर्त प्रिंटों ने बैगा जनजाति की गोदना टैटू कला की सांस्कृतिक समृद्धि और परंपरा को श्रद्धांजलि अर्पित की। यह कलेक्शन अनुष्का खेमानी, माही गुप्ता, रूपल चौधरी, ऋषिका खुराना, देवाक्षी लाडीवाल और ईशा दुबे द्वारा क्यूरेट किया गया था। शो केस के लिए संगीत तन्मय सुराना द्वारा क्यूरेट किया गया था। आर्च कॉलेज ऑफ डिजाइन एंड बिजनेस रचनात्मकता और नवीनता की सीमाओं को आगे बढ़ा रहा है, और अगली पीढ़ी के डिजाइनर को अपनी रचनाओं के माध्यम से संस्कृति, विरासत और मानवीय संबंध का जश्न मनाने के लिए प्रेरित कर रहा है।

# गर्मियों के दौरान पेयजल सप्लाई के इंतजाम पर खर्च होंगे 250 करोड़ रुपए



**जयपुर.कासं**

प्रदेश में गर्मियों के दौरान गांव, कस्बों व शहरों में पेयजल सप्लाई इंतजाम पर इस बार गर्मियों में 250 करोड़ रुपए खर्च होंगे। जिले में पेयजल संकट या इमरजेंसी कार्य करवाने के लिए हर कलेक्टर को 50 लाख का फंड दिया गया है। विभाग के अधीक्षण अभियंता इन फंड से कलेक्टर की अनुमति के बाद तत्काल काम करवा सकेंगे। प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में टैंकर से जल परिवहन पर 82 करोड़ रुपए और शहर व कस्बों में टैंकर से जल परिवहन पर 43 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके साथ ही सरकार ने गर्मियों के दौरान पेयजल समस्या का तत्काल समाधान करने के लिए इंजीनियरों को मौके पर जाना पड़ता है। विभाग ने इसके लिए 450 वाहन, मशीनरी व मस्टररोल पर मजदूर लेने की स्वीकृति भी दी है। प्रदेश के 172 शहर-कस्बों और 11 हजार 440 गांव-ढाणियों में गर्मियों में टैंकरों से पानी सप्लाई होता है। दस जिलों चुरू, बाड़मेर, बीकानेर, जालौर, जैसलमेर, पाली, सिरोही, जोधपुर, नागौर एवं डूंगरपुर के अकाल से प्रभावित होने से यहां अतिरिक्त इंतजाम करने पड़े थे। विभाग के चीफ इंजीनियर (ग्रामीण) केडी गुप्ता का कहना है कि गर्मियों में हर व्यक्ति तक पेयजल पहुंचाने की प्लानिंग है। समर कंटिंजेंसी प्लान को मंजूरी दे दी है। टैंकरों से जल परिवहन तक अनकनेक्ट इलाके में पानी पहुंचाया जाएगा। इसके साथ ही पाइपलाइन के मिलान, पंप हाउसों की मोटर बदलने सहित अन्य कार्यों के लिए हर कलेक्टर को 50 लाख का फंड दिया है।

## हर साल टैंकरों पर करोड़ों खर्च, फिर भी स्थायी समाधान नहीं

प्रदेश में हर साल टैंकर से जल परिवहन पर हर साल करीब 200 करोड़ रुपए खर्च होते है। इस साल गर्मियों के 4 महीने में ही 125 करोड़ रुपए टैंकरों पर खर्च होंगे। जबकि जयपुर सहित कई शहरों में सालभर टैंकर चलते है। विभाग इन पेयजल संकट वाले इलाकों में पाइपलाइन से सप्लाई का स्थायी समाधान नहीं कर पाया। विभाग के इंजीनियरों की दलील है कि भूजल गिरावट होने के कारण गर्मियों में पूरी सप्लाई के लिए दूर दराज से टैंकरों से पानी लाना पड़ता है।

SWARN MANGAL

भारतीय जैन मिलन

राजस्थान जैन ऑर्गेनाईजेशन

एवं

श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा महासभा जिला जयपुर

नवकार किचन एण्ड इंटीरियर

द्वारा आयोजित

# चित्रकला प्रतियोगिता

का

## पारितोषिक वितरण समारोह

एवं

## भारतीय जैन मिलन शपथ ग्रहण समारोह

SUPPORTED BY kalaneri Academy of Fine Arts

दिनांक 10 मार्च रविवार 12.15 से 3.15 बजे तक

स्थानः इंद्र लोक सभागार, भट्टारक जी की नसिया, नारायण सिंह सर्किल टोंक रोड, जयपुर

प्रिय बन्धुओं, सादर जयजिनेन्द्र!

भारतीय जैन मिलन, राजस्थान जैन आर्गेनाईजेशन एवं श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा महासभा जिला जयपुर द्वारा 8 वर्षो से आयोजित अपार सफलता के के बाद रविवार 17 सितम्बर 2023 को जयपुर एवं आस पास के विभिन्न जैन मन्दिर के प्रांगणो में नवकार किचन एण्ड इंटीरियर द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई थी जिसमे लगभग 3800 बच्चों ने भाग लिया था जिसमे हमारे द्वारा दिये गये विषयों पर हुनर प्रदर्शित किया गया जिसका पारितोषिक वितरण किया जायेगा। आप सभी से अनुरोध है बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु पधारे।



अनिल अनिता जैन
(प्रोजेक्ट डायरेक्टर)

**सम्मानीय अतिथि**
दीपक पायल बिलाला
रीनू संजय जैन, उत्तम जैन
नरेन्द्र सिंह

**मुख्य संयोजक**
राजीव जैन, सुनिता जैन

**विशिष्ठ अतिथि**
श्री किशन सहाय
(आई जी राजस्थान पुलिस)




| अनिल जैन (अध्यक्ष) | तरूण जैन (सचिव) |
|---|---|
| भारतीय जैन मिलन जयपुर | |

| मनीष झांझरी (अध्यक्ष) | पवन जैन (सचिव) |
|---|---|
| राजस्थान जैन ऑर्गेनाईजेशन | |

| अनिल जैन (अध्यक्ष) | तरूण जैन (सचिव) |
|---|---|
| भारतवर्षीय दि. जैन युवा महासभा जि. जयपुर | |

Rajesh khandelwal
Harshit khandelwal
Raj Tiles
Supplier of All Size Floor & Wall Tiles
9414065255
7014013339
(0) 6376104250
rajtiles13@gmail.com
E- 275, Near Ganesh Paradise
Narayan Vihar, Jaipur

NAVKAR KITCHEN AND HARDWARE
CREATIVITY MEETS LIVING
MODULAR KITCHEN
WARDROBE
HARDWARE
navkar_kitchens
Address : Shop no. 22, Sunny Mart New Aatish market, Jaipur
Anil Jain +91 9530297466 , +91 9530297461

MOHIT GOYAL
7597647213
ARG
Lighting And Automation
WE DESIGN FUTURISTIC HOMES
Lighting | Automation | Home Theater | Security | Curtain Motor | Gate Motor
www.arglightingandautomation.com
67, Shivpuri Colony New Sanganer Road, Sodala, Jaipur - 302019

rupankan archo interiors@gmail .com
www.rupankan archo interiors.com
Sonam Jain
+91 8003364732
Rupankan Archo Interiors
Architecture • Interior Designer
• Project Management Consultants
• Turnkey Contractors • Vastu Consultants
• 3d Designers • Exterior Developers
+91 9251639912
Shop No. 108, Near Cheelgadi Rastaurent, Airport Road, Sanganer, Jaipur, Raj.-302029

# गान, ज्ञान और ध्यान के दिव्य कार्यक्रम का अयोजन किया

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर वैदिक धर्म संस्थान, आर्ट ऑफ लिविंग ,जयपुर की ओर से शुक्रवार 8 मार्च 2023 को श्री श्री रविशंकर आश्रम,प्रताप नगर, जयपुर गान,ज्ञान और ध्यान के दिव्य कार्यक्रम का अयोजन किया गया। कार्यक्रमों की श्रृंखला के अनुसार 8 मार्च को सांय 6 :30बजे रुद्र पूजा ब्रह्मचारी श्री सहजानंद जी एवं वैदिक पंडितों द्वारा संपन्न की गई। ''शिवरात्रि अर्थात शिव की शरण में आना। शिव अनंत, सौंदर्य और अद्वैत हैं। आप शिव की शरण में आते हैं क्योंकि आपका वास्तविक स्वरूप शिव ही है। शिव, समस्त ब्रह्मांड का ध्यानस्थ पक्ष है।'' तत्पश्चात सांय 7:30 बजे बीकानेर से पधारे अंतरराष्ट्रीय सुमेरू संध्या सिंगर श्री जितेन्द्र सारस्वत जी द्वारा सुमधुर शिवभजनो का 500 से अधिक भक्तों ने आनंद उठाया।



### श्री वर्द्धमान कन्या महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर

# मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

### रंगोली बनाकर दिया मतदान जागरूकता का संदेश




**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी, ब्यावर के आदेशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढ़ा के निर्देशन में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली बनाकर महिला मतदाता पंजीकरण व महिला जागरूकता का संदेश दिया गया ।जिसमें ब्यावर स्वीप प्रभारी सुनील व्यास व महाविद्यालय ई.एल.सी. प्रभारी श्रीमती राजकुमारी कुमावत द्वारा छात्राओं को मतदान जागरूकता संबंधी गतिविधियां यथा नवीन मतदाता पंजीकरण /स्थानान्तरण/पंजीकरण संबंधी प्रक्रिया आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई ।कैम्पस एंबेसडर सुश्री मनहर कौर व छात्राओं द्वारा ई.सी.आई. एप्स - VHA, C-Vigil, KYC, SAKSHAM आदि के उपयोग के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया। महाविद्यालय अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने समस्त नव महिला मतदाताओं को जागरूक करते हुए सभी उपस्थित अधिकारियों को धन्यवाद दिया। आयोजन के दौरान ब्यावर स्वीप सह-प्रभारी महेन्द्र सांखला, एन.एस.एस. अधिकारी श्रीमती प्रीती शर्मा, श्रीमती निधी पंवार, व्याख्याता गिरीश कुमार, अनूप आर्य , पंकज सांखला आदि उपस्थित रहे ।

# फोर्टी वुमन विंग की शिखा अध्यक्ष और हर्षा महासचिव



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** फेडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एण्ड इंडस्ट्री (फोर्टी) उदयपुर की वुमन विंग की प्रथम अध्यक्ष शिखा सिंहल एवं महासिचव हर्षा कुमावत को सहित उपाध्यक्ष शिखा मोटावत, जॉइंट सेक्रेटरी डॉ.सोनू जैन और एडवाइजर नीता पँवार को नियुक्त किया। राजस्थान फोर्टी ब्रांचेज चैयरमेन प्रवीण सुथार ने कहा कि आज व्यापार और उद्योगों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ती जा रही है।उन्होंने कहा कि उदयपुर में फोर्टी वुमन विंग की स्थापना का उद्देश्य शहर की महिला उद्यमी की आवाज, पहचान एवं कार्य की मेहनत को प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाना हैं। इस अवसर पर लोटस हाई टेक इंडस्ट्रीज की महाप्रबंधक भानुप्रिया जैन, वुमेन विंग उदयपुर की अन्य सदस्य निवेदिता त्रिवेदी, डॉ. रेखा सोनी, सोनल कालरा, रिया शाह, भावना परिहार, लविका सिंघवी, स्वाति दुरगावत, मनीषा परिहार आदि मौजूद थी। अध्यक्ष शिखा सिंहल ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह 17 मार्च को उदयपुर में रखा है। जिससे शहर की कई विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही अग्रणी महिलाओं को फोर्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल के हाथों पुरस्कृत भी किया जाएगा। **रिपोर्ट/फोटोः राकेश शर्मा 'राजदीप'**

# वासुपूज्य भगवान का मनाया गया जन्म व तप कल्याणक : सहस्रकूट विज्ञातीर्थ



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी (राज.) में श्री वासुपूज्य भगवान का जन्म व तप कल्याणक महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया । महेश मोटूका निवाई , आदर्श गंगवाल चाकसू वालों ने गुरु मां के मुखारविंद से अभिषेक शांतिधारा करने का अवसर प्राप्त किया। साथ ही जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पूज्य माताजी का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया। माताजी ने तप कल्याणक के अवसर पर रस परित्याग करके प्रभु की तपाराधना की। माताजी ससंघ की आहारचर्या करवाने का सौभाग्य व्रती आश्रम के व्रतियों ने प्राप्त किया। पूज्य माताजी ने सभी को धर्मोपदेश देते हुए कहा कि भक्ति हमें प्रभु के श्रीकमलचरणों तक पहुँचा देती है जहाँ से फिर हमें संसार में लौटकर आना ही नहीं पड़ता।

# वेद ज्ञान

## जीवन में सुख और संपत्ति

मनुष्य द्वारा उसके श्रम अथवा उसके बुद्धि-चातुर्य से अर्जित धन की उसके ही जीवनकाल में तीन गतियां होती हैं। धन की एक गति होती है दान देने की, दूसरी गति होती है इसके उपभोग कर लेने की और तीसरी गति होती है इसके विनष्ट हो जाने की। अभिप्राय यह है कि किसी भी व्यक्ति ने यदि अपने द्वारा अर्जित किए गए धन का यथोचित दान कर दिया, तो उस व्यक्ति ने अपने द्वारा अर्जित धन का सही इस्तेमाल कर लिया। इसी तरह यदि किसी ने अपने धन का भली प्रकार से उपभोग कर लिया, तो समझें कि उसने अपने धन का कुछ न कुछ सार्थक उपयोग कर लिया। किंतु यदि कोई इन दोनों प्रकार से धन का उपयोग करने में चूक गया, तो फिर उसके धन की तीसरी गति होना अवश्यंभावी है और वह गति है धन का पूरी तरह से विनष्ट होना। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाजशास्त्रियों द्वारा यह जो सिद्धांत दिया गया है, इसके पीछे संकेत है कि कोई भी व्यक्ति यहां अपने-आप में पूर्ण नहीं है। इसलिए इस संसार के किसी भी पदार्थ पर उसका अकेले अधिकार भी नहीं है। चाहे यह उसके द्वारा स्वयं अर्जित किया ही क्यों न हो। इसीलिए महर्षि व्यास ने श्रीमद्भगवद में स्पष्ट रूप से कहा है कि जो अपनी संपत्ति से इस लोक में अथवा परलोक में कल्याण की कामना करता है, उसे चाहिए कि वह अपनी संपत्ति को पांच भागों में बांटकर ही उसका उपभोग करे। वे उन पांच भागों का कथन करते हुए बताते हैं कि अपनी संपत्ति का एक भाग धर्म कार्य के लिए होना चाहिए, जिसमें देवपूजन, अतिथि सेवा, निराश्रितों को किया जानेवाला सहयोग सम्मिलित है। महर्षि व्यास के अनुसार संपत्ति का दूसरा भाग अर्थोपार्जन के लिए सुरक्षित होना चाहिए। इस भाग को व्यक्ति को उस प्रकार के व्यापार आदि में व्यय करना चाहिए, जिससे उसकी जीविका चले और परिवार का निर्वाह ठीक से हो। महर्षि के अनुसार अपने धन का तीसरा हिस्सा उसके लिए हो, जिसके जरिये हम अपने मन की इच्छाओं को पूरा कर सकें। धन के चतुर्थ भाग का उपयोग व्यक्ति अपने जीवन में यश की प्राप्ति के लिए करे। मनुष्य की एक सहज-स्वाभाविक वृत्ति होती है, जिसमें वह चाहता है कि उसे अपने जीवन में यश की प्राप्ति हो।

# संपादकीय

## चुनावी चंदे का विवाद बना...

चुनावी चंदे का विवाद राजनीतिक दलों के लिए गले की हड्डी बनता जा रहा है। भले वे पार्टियां इसे बढ़-चढ़ कर राजनीतिक रंग देने की कोशिश में जुटी हैं, जिन्हें कम चंदा मिला है, मगर पारदर्शिता उनके यहां भी नहीं है। चाहे वे राष्ट्रीय दल हों या क्षेत्रीय, सबने अज्ञात स्रोतों से चंदा हासिल किया है। एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्म यानी एडीआर नामक संगठन ने अपने अध्ययन में खुलासा किया है कि राजनीतिक दलों को मिले कुल चंदे के बयासी फीसद हिस्से के बारे में कोई जानकारी नहीं है। वह चुनावी बांड से प्राप्त हुआ धन है। चुनावी बांड का प्रावधान इसलिए किया गया था कि चंदे के रूप में काले धन का प्रवाह रोका जा सके। मगर वह तरीका कारगर साबित नहीं हुआ। इसे लेकर विवाद तब और बढ़ गया, जब देखा गया कि सत्तापक्ष और विपक्ष के सारे दलों को मिले चंदे की राशि में बहुत अंतर है। कुल चंदे का करीब आधा हिस्सा अकेले सत्तापक्ष को मिला और बाकी में सारे दलों का हिस्सा है। विचित्र बात यह कि एक करोड़ की राशि वाले चंदों की संख्या अधिक थी और छोटी राशि के चंदे बहुत कम आए। मगर चुनावी बांड के नियमों के मुताबिक चूंकि चंदा देने वालों के नाम उजागर नहीं किए जा सकते, इसलिए उनके स्रोत अज्ञात ही बने रहे। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि लोकतंत्र में मतदाता को यह जानने का अधिकार है कि किस पार्टी को कितना और कहां-कहां से चंदा मिला। हालांकि पिछले महीने सर्वोच्च न्यायालय ने चुनावी बांड को असंवैधानिक करार देते हुए उस पर रोक लगा दी और भारतीय स्टेट बैंक से तीन हफ्ते के भीतर वे सारे नाम निर्वाचन आयोग को सौंपने को कहा, जिन्होंने पिछले पांच वर्षों में राजनीतिक दलों को चंदे दिए हैं। मगर स्टेट बैंक ने सर्वोच्च न्यायालय में समय सीमा बढ़ा कर जून तक करने की फरियाद लगा दी। इसे लेकर स्वाभाविक ही एक नए तरह का विवाद शुरू हो गया। अब सर्वोच्च न्यायालय में गुहार लगाई गई है कि स्टेट बैंक की इस नाफरमानी पर अवमानना की कार्रवाई हो। देखने की बात है कि अदालत इस पर क्या रुख लेती है। मगर एडीआर के अध्ययन से एक बार फिर यही जाहिर हुआ है कि चुनावी बांड का प्रावधान इसी मंशा से किया गया था कि राजनीतिक दल मनमाने तरीके से चंदा जुटा सकें और उसके बारे में लोगों को जानकारी भी न मिलने पाए। लोकतंत्र में राजनीतिक दलों से पारदर्शिता की अपेक्षा की जाती है। अगर वे चंदा जुटा कर अपनी ताकत का प्रदर्शन और अनाप-शनाप खर्च की होड़ शुरू कर दें तो इसे मतदाताओं के साथ गंभीर धोखा ही कहा जाएगा। मतदाता को पूरा हक है कि जिस दल के पक्ष में वह मतदान करता है, उसके बारे में हर जानकारी प्राप्त करे। उसके आय-व्यय का हिसाब भी उसे पता हो फिर जो कंपनियां राजनीतिक दलों को चंदा देती हैं, उन्हें भी ओट में न रखा जाए, क्योंकि बहुत सारे लोगों के शेयर उन कंपनियों में लगे होते हैं।



**-राकेश जैन गोदिका**

# परिदृश्य

## लापरवाही...

राजस्थान के कोटा जिले में महाशिवरात्रि उत्सव में लापरवाही भारी पड़ी और उसकी कीमत पंद्रह बच्चों सहित कई लोगों को चुकानी पड़ी। खबर के मुताबिक, इस अवसर पर निकाली गई शिव बरात में शामिल एक बच्चे के हाथ में एक लंबा झंडा था, जो ऊपर से गुजर रहे उच्च क्षमता के तार से छू गया और उसमें करंट फैल गया। इसकी चपेट में कई बच्चे और अन्य लोग आ गए। इसमें कुछ बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। सामान्य तौर पर इसे चूक की वजह से हुआ हादसा माना जाएगा, मगर सच यह है कि इसके जिम्मेदार आयोजक और स्थानीय प्रशासन है। सवाल है कि इस उत्सव के आयोजकों को क्या वहां होने वाले जमावड़े और गतिविधियों का अंदाजा नहीं था! जिन इलाकों से शिव बरात में शामिल लोग और बच्चे ऊंचे झंडे लेकर गुजर रहे थे, उसमें आयोजकों को यह सुनिश्चित करना जरूरी क्यों नहीं लगा कि वे वहां से गुजर रहे उच्च क्षमता के तार का ध्यान रख कर चलने की व्यवस्था करें? धार्मिक त्योहारों या जुलूसों के दौरान देश भर से ऐसे मामले सामने आते रहे हैं, जिनमें आयोजकों की लापरवाही की वजह से कभी भगदड़ मच जाती है तो कहीं बिजली का करंट लगने से हादसा हो जाता है और लोगों की जान चली जाती है। यानी जो लोग किसी सार्वजनिक उत्सव में अपनी खुशी साझा करने जाते हैं, कई बार उन्हें आयोजकों की लापरवाही का खमियाजा भुगतना पड़ता है। सवाल है कि अक्सर होने वाले ऐसे हादसों के बावजूद स्थानीय प्रशासन को यह सुनिश्चित करना जरूरी क्यों नहीं लगता कि अगर उस दौरान लोगों की भीड़ जमा हो रही है या कोई जुलूस निकल रहा है, तो हर स्तर पर उसका सुरक्षित होना तय किया जाए। जब कोई बड़ा हादसा हो जाता है और मामला तूल पकड़ लेता है तब प्रशासन की नींद खुलती है। जरूरत है कि किसी भी अवसर पर ज्यादा संख्या में लोगों के जमा होने पर वहां सब कुछ सुरक्षित होने को लेकर एक ठोस दिशानिर्देश तय किए जाएं।



# मंदार पर्वत शिखर पर जैन तीर्थयात्रियों ने मनाया भगवान वासुपूज्य का तप कल्याणक महोत्सव

**बौन्सी (बांका). शाबाश इंडिया।** जैन धर्म के 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य स्वामी के तप, ज्ञान व निर्वाण स्थली मंदारगिरी सिद्ध क्षेत्र पर फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी शनिवार को श्री 1008 वासुपूज्य स्वामी का जन्म-तप कल्याणक महोत्सव भक्ति-भाव पूर्वक मनाया गया। जैन मंदिर में श्रद्धालुओं ने तीर्थंकर वासुपूज्य का अभिषेक, शांतिधारा व पूजन कर जयकारों के साथ अष्ट द्रव्यों की थाल सजाकर पूजा-अर्चना की। वहीं मंदार पर्वत शिखर स्थित भगवान वासुपूज्य तप कल्याणक स्थली मंदिर में प्राचीन चरण पर जलाभिषेक, विश्वशांतिधारा जैन तीर्थयात्रियों ने किया। महामंत्र णमोकार का पाठ, वासुपूज्य चालीसा पाठ कर अर्घ्य समर्पित कर जन्म व तप महोत्सव की विशेष आराधना हुई। बता दें कि जैनागम में प्रत्येक तीर्थंकर के जीवनकाल के पाँच प्रसिद्ध घटनास्थलों का उल्लेख मिलता है। उन्हें पंचकल्याणक के नाम से कहा जाता है, क्योंकि वे अवसर जगत के लिए अत्यन्त कल्याण व मंगलकारी होते हैं। जो जन्म से ही तीर्थंकर प्रकृति लेकर उत्पन्न हुए हैं उनके तो 5 कल्याणक होते हैं।

**''ॐ नमः सिद्धेभ्यः'' कहकर वासुपूज्य ने स्वयं दीक्षा लेकर तप में हो गये लीन:** क्षेत्र प्रबंधक पवन कुमार जैन ने कहा कि पुराणों में वर्णित है जब भगवान् को वैराग्य उत्पन्न होता है। उस समय ब्रह्म स्वर्ग से लौकांतिक देव भी आकर उनको वैराग्य वर्द्धक उपदेश देते हैं। इन्द्र उनका अभिषेक करके उन्हें वस्त्राभूषण से अलंकृत करता है। तीर्थंकर वासुपूज्य मंदारगिरी के तपोवन में पहुँचकर भगवान वस्त्रालंकार का त्यागकर केशों का लुंचन कर देते हैं और दिगम्बर मुद्रा धारण कर लेते हैं। दीक्षा स्थान तीर्थ स्थान बन जाता है। भगवान् बेला तेला आदि के नियमपूर्वक ''ॐ नमः सिद्धेभ्यः'' कहकर स्वयं दीक्षा ले लेते हैं क्योंकि वे स्वयं जगद्गुरु हैं। नियम पूरा होने पर आहारार्थ नगर में जाते हैं और यथाविधि आहार ग्रहण करते हैं।

**भगवान के जन्म होने पर स्वर्गों में स्वयं बजते है घण्टे, इन्द्रो के आसन होते है कम्पायमान:** क्षेत्र प्रबंधक पवन कुमार जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि भगवान् का जन्म होने पर देवभवनों व स्वर्गों आदि में स्वयं घण्टे आदि बजने लगते हैं और इन्द्रों के आसन कम्पायमान हो जाते हैं जिससे उन्हें भगवान के जन्म का निश्चय हो जाता है।

# तिजारा जैन नशियां जी में मानस्तम्भ प्रतिष्ठा संपन्न

**तिजारा, अलवर. शाबाश इंडिया**

विश्व प्रसिद्ध जैन तीर्थ क्षेत्र तिजारा स्थित प्राचीन श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन नशियां जी में नवनिर्मित मनोहारी मानस्तम्भ के प्रतिष्ठा समारोह का मंगल आयोजन समाधिस्थ आचार्य श्री 108 ज्ञानसागर जी महाराज के मंगल आशीर्वाद से तथा परम पूज्य आचार्य श्री 108 अतिवीर जी मुनिराज की पावन प्रेरणा से दिनांक 24 से 26 फरवरी 2024 तक भक्ति भाव सहित महती धर्मप्रभावना पूर्वक सानंद संपन्न हुआ। श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर, तिजारा के तत्वावधान में आयोजित भव्य समारोह में सौभाग्यशाली भक्तों ने विधि-विधान पूर्वक भगवान आदिनाथ, भगवान चन्द्रप्रभ, भगवान शान्तिनाथ, भगवान पार्श्वनाथ, भगवान महावीर सहित आठ प्रतिमा नवनिर्मित मानस्तम्भ में विराजमान कर पुण्यार्जन किया. राजधानी दिल्ली में विराजमान पूज्य आचार्य श्री 108 अतिवीर जी मुनिराज ने अपने संदेश के माध्यम से सभी भक्तों को मंगल आशीर्वाद प्रदान करते हुए जीवन में सद्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।



इस अवसर पर क्षेत्र पर विराजमान मुनि श्री 108 सवानंद जी महाराज ससंघ व गणिनी आर्यिका श्री 105 आर्षमति माताजी ससंघ का पावन सान्निध्य प्राप्त हुआ. समस्त मांगलिक क्रियाएं ब्र. जय कुमार निशांत (टीकमगढ़) के निर्देशन में संपन्न हुई. कार्यक्रम में प्रतिदिन श्रद्धालुओं ने प्रातः काल अभिषेक, शांतिधारा, पूजन व विधान कर धर्मलाभ प्राप्त किया तथा सायंकालीन प्रेरक सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुए. कार्यक्रम का समापन विशाल शोभायात्रा के साथ हुआ जिसमें स्वर्ण व रजत रथ सहित मनोहारी झांकियां, बैंड बाजा, नफीरी ताशा आदि हजारों भक्तजन सम्मिलित थे।





# आदिनाथ अतिशय क्षेत्र भुसावर में हुआ आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ का मंगल प्रवेश

## सुख शांति का रास्ता परमाणु बम से नहीं अणुव्रतों से निकलता है: आचार्य सुनील सागर

**कामां. शाबाश इंडिया**

पद विहार भगवान आदिनाथ और राम के काल से चली जा रही परंपरा है जब भगवान राम को वनवास हुआ था तो उस समय भी वह किसी वाहन में नहीं बैठे थे आज भुसावर नगरी में मुनि संघ का पद विहार करते हुए प्रवेश हुआ है। कामां में पंचकल्याणक के कारण इधर आगमन हुआ है यह भूमि अतिशय से युक्त आदिनाथ भगवान की भूमि है। उक्त प्रवचन जैन आचार्य सुनील सागर महाराज ने भुसावर के मुंडारा चौराहे पर कस्बे में मंगल प्रवेश करते हुए व्यक्त किये। आचार्य ने कहा कि भगवान महावीर का सिद्धांत जियो और जीने दो था तो वही रामायण में भी कहा गया है सियाराम में सब जग जानी करहु प्रणाम जोरी जुग जानी अर्थात सब में राम है और उन्हीं को सब कुछ मानना चाहिए। वर्तमान युग में अनेकों विकृतियों वाले



मनुष्य दिखाई देते हैं जो महिलाओं की अस्मिताओं पर हाथ डालते हैं और गौ माता के मांस का भाषण करते हैं ऐसे लोगों को कभी माफ नहीं करना चाहिए आचार्य ने दिव्या संदेश देते हुए कहा छोटी सी जिंदगी फिर वैर किस लिए,इस छोटे से जीवन में क्यों किसी से बैर रखते हो शांति के साथ जीवन यापन करो खुद जिओ और दूसरों को जीने दो। आचार्य ने समझाते हुए कहा कि शक्कर में मिठास ,निम्बू में खटास,भोजन में स्वाद और जीवन मे प्यार न हो तो सब बेकार है। आप ग्रहस्थ हो और गृहस्थ धर्म का पालन करें,परिवार से प्यार करें और सब की उन्नति में सहयोगी बने, कुछ ऐसा कार्य करें जिससे आपका जीवन धन्य हो। मुंडारा चौराहे पर प्रवचन से पूर्व भुसावर कस्बे में आचार्य



सुनील सागर महाराज का मंगल पदार्पण हुआ तो वहां पूर्व में विराजमान मुनि युधिष्ठिर सागर महाराज द्वारा भावभीनी आगवानी की गई। भुसावर अतिशय क्षेत्र कमेटी के द्वारा पाद प्रक्षालन व आरती उतार कर मंगल प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भुसावर में विराजमान आदिनाथ भगवान के मस्तकाभिषेक भी किये।इस अवसर पर मुनि शशांक सागर महाराज ने कहा कि दिगंबर संत चलते फिरते तीर्थ होते हैं जिनकी संयम साधना बड़ी उत्कृष्ट होती है। इस अवसर पर स्थानीय जैन समाज के अतिरिक्त अन्य जैन समाजों के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। **-संजय जैन बडजात्या कामां**







# नाटक "नारी शक्ति" का 45 दिवसीय नाट्य कार्यशाला में मंचन हुआ



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

कला, संस्कृति, साहित्य, एवं पुरातत्व विभाग राजस्थान सरकार के द्वारा एवं नाटकवाला कला मंच आमेर के संयोजन में 45 दिवसीय नाट्य कार्यशाला में तैयार नाटक ''नारी शक्ति'' लेखन एवं निर्देशन ओम प्रकाश सैनी द्वारा दिनांक 8/3/2024 को ''आमेर रंग महोत्सव 2024'' में तीसरे दिन खुला रंगमंच के अंतर्गत किया गया ।लेखन एवं नाट्य रूपांतरण, संगीत संयोजन परिकल्पना एवं निर्देशन ओम प्रकाश सैनी। नृत्य एवं सह निर्देशक- अंजली सैनी, सहायक निर्देशन-तनिषा सैनी, मंच पर- अंजली सैनी, तनिषा सैनी, हिमांशी सैनी, नेहा सैनी, लेखा सैनी, नेहा सैनी, अवनी सैनी, दीपशिखा सैनी, ओम प्रकाश सैनी,गोपाल प्रसाद, विकास सैनी, मेघराज, तन्मेंद्र, आदित्य, अनिरुद्ध, भावेश तनिष, युग आदि मुख्य भूमिका में रहे।प्रकाश संयोजन -ओमी, संवाद - गोपाल प्रसाद, संगीत सञ्चालन- प्रवीण कुमावत, वस्त्र सज्जा रेणु सनाढ्य, मंच सज्जा - विकास सैनी। कार्यक्रम संयोजन - रामचंद्र सैनी, प्रस्तुति नियंत्रण अंजली सैनी का रहा ।विशेष आभार- कुसुम लता जैन सचिव ग्राम भारती समिति आमेर, रामचंद्र सैनी संरक्षक नाटकवाला कला मंच आमेर। पिछले दिनों आमेर के ग्रामीण क्षेत्र में नाटकवाला कला मंच आमेर में कला साहित्य संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग द्वारा ओम प्रकाश सैनी के निर्देशन एवं नाटकवाला कला मंच के सहयोग से आयोजित 45 दिवसीय निशुल्क नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें ओम प्रकाश सैनी ने आमेर की 10 वर्ष से लेकर 22 वर्ष तक की बालिकाओ को नाट्य विधा एवं अभिनय के गुर सिखाये एवं रंगमंच विषय की जानकारियाँ भी दी गयी । रंगमंच की उपयोगिता आम जीवन एवं विधार्थी जीवन में कितनी सहायक होती है, जीवन पर्यन्त हर प्रस्थिति में एक इन्सान को हर मुश्किल प्रस्थिति का सामना सहजता से करना सिखाती है ।साथ ही विद्यालय की बालिकाओ को लेकर एक महिला के जीवन में जन्म से लेकर अंत समय तक कितनी समस्याओं का सामना करना पड़ता है और आज के आधुनिक युग में जहाँ हमारे 'भारत देश में नारी को हर क्षेत्र में समानता का अधिकार होते हुए भी कहीं न कहीं उसके साथ अन्याय एवं अत्याचार देखने को मिल जाता है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं महाशिवरात्रि पर भव्य काव्य गोष्ठी संपन्न




**रायपुर. शाबाश इंडिया**

दिव्यज्योति साहित्यिक संस्थान रायपुर, छत्तीसगढ़ के द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर 8 मार्च 2024 को ऑनलाईन काव्य गोष्ठी का आयोजन की गई जिसमें देश भर से अनेक सुप्रसिद्ध साहित्यकारों ने अपनी सुंदर रचनाएँ प्रस्तुत की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अशोक कुमार यादव जिलाध्यक्ष राष्ट्रीय कवि संगम मुंगेली इकाई एवं संस्थापक व अध्यक्ष यादव समाज सेवा, कला, संस्कृति एवं साहित्य उन्नयन समिति रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अनिता गोस्वामी असिस्टेंट प्रोफेसर उडएफ यूनिवर्सिटी रुड़की उत्तराखंड एवं मुस्कान केशरी संस्थापक एम.एस. केशरी पब्लिकेशन मुजफ्फरपुर बिहार उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन अनिल कुमार जायसवाल बिलासपुर एवं मुकेश कुमार सोनकर रायपुर ने किये।काव्य गोष्ठी में शामिल कवि एवं कवयित्रियाँ- अशोक गोयल पिलखुवा हापुड़, मुकेश कुमावत टोंक राजस्थान, अभिषेक मेहरोत्रा आगरा उ.प्र., बलराम यादव देवरा म.प्र., रेणुबाला सिंह गाजियाबाद उ.प्र., सुनीता प्रयाकर राव वासुनी तेलंगाना, अवधेश साहू हमीरपुर उ.प्र., दीपा टाक राजस्थान, लता सेन इंदौर म.प्र., सुनील कुमार सहारनपुर उ.प्र. आदि उपस्थित थे। सभी सम्माननीय साहित्यकारों को सादर सम्मान पत्र से सम्मानित किया गया तथा कार्यक्रम के अन्त में दिव्यज्योति साहित्यिक संस्थान की साहित्यिक ई-पत्रिका के प्रथम अंक की घोषणा एवं कवर पेज का विमोचन भी किया गया।




## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# आचार्य श्री ज्ञान सागर महाराज का उपकार दिवस गणिनी आर्यिका स्वस्ति भूषण माताजी के सानिध्य में मनाया गया

## आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज की सोच वहां से शुरू होती थी जहां से हमारी सोच खत्म हो जाती थी : स्वस्ति भूषण माताजी

**बारां. शाबाश इंडिया**



परम पूज्या भारत गौरव गणिनी आर्यिका 105 स्वस्तिभूषण माताजी के सानिध्य में आचार्य श्री ज्ञान सागर महाराज का उपकार दिवस समाधि स्थली दिगंबर जैन नसिया में मनाया गया। इस आयोजन के क्रम में सुबह से ही भक्तों का आना शुरू हो गया था। जानकारी देते हुए अमित जैन ने बताया कि प्रातः है की बेला में मनीष भैया द्वारा लिखित आचार्य श्री ज्ञान सागर महाराज की भक्तिमयपूजन की गई। पूजन में भक्ति नृत्य करते हुए अलग-अलग मंडलों ने आकर्षक थाल सजाकर गुरु जी के चित्र के समक्ष अर्ध समर्पित किए।एवं ब्रह्मचारिणी अनीता दीदी द्वारा लिखित आचार्य ज्ञान सागर महाराज चालीसा का पाठ किया गया। सभी भक्तों ने बढ़ चढ़कर आयोजन मे भाग लिया। पूजन उपरांत धर्म सभा आयोजित की गई जिसमें सर्वप्रथम आचार्य ज्ञान सागर जी महाराज के चित्र का अनावरण बाहर से आये भक्तों ने किया दीप प्रज्वलन के साथ ही उपकार दिवस का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। बाहर से आये सभी भक्तों ने आचार्य श्री के जीवन के बारे में बताया और बताया कि किस तरह से जन जन को आचार्य श्री ने एक सूत्र में जोड़ा , सभी ने आचार्य श्री की विनयानजली दी और अपने अपने आचार्य श्री के साथ के अनुभव को साझा किया इस अवसर पर ब्रह्मचारी अनीता दीदी ने कहा कि आचार्य श्री के अंदर बहुत ही सरलता भरी थी। आचार्य श्री ज्ञान सागर महाराज जैनों के ही नही जन जन के संत थे। उन्होंने कहा कि जैन संस्कृति को समाहित करने के लिए सबको एक साथ किया। आचार्य श्री ज्ञान सागर जी महाराज में ज्ञान का भंडार था इसलिए दुनिया ने ज्ञान का सागर कहती है। मेरी भक्ति तो उन्हें अरिहंत कहती है। उन्होंने कहा कि आचार्य श्री ने कैरियर पॉइंट के द्वारा बच्चों को जोड़ने, इंजीनियर को जोड़ने, डॉक्टर को जोड़ने पत्रकारों को जोड़ने, वकीलों को जोड़ने आदि सम्मेलन आयोजित कर उन्हें एक सूत्र में बांधा और जैन धर्म की प्रभावना की। आयोजन में मंगलाचरण संगम मति महिला मंच ने किया। इसी के साथ पाठशाला के बच्चों द्वारा अभूतपूर्व प्रस्तुति दी गई जो सभी का मन मोह गई। वही सभी मंडलो ने पूजन में भक्ति नृत्य करते हुए अलग-अलग मंडलों ने आकर्षक थाल सजाकर गुरु जी के चित्र के समक्ष अर्ध समर्पित किए। इस अवसर पर पूज्य स्वस्ति भूषण माताजी ने कहा कि पेड़ ने कभी अपना फल नहीं खाया, बस ऐसा ही जीवन संतों का होता है। संत तप त्याग और साधना से संत बनते हैं। एक जीवन उनका भी और एक जीवन आपका भी। एक वह है जो जीवन से रस निचोड़ छोड़ लेता है, एक जीवन वह है जो घर गृहस्थी ! में उलझा रहता है। आचार्य श्री ज्ञान सागर महाराज की सोच वहां से शुरू होती थी जहां से हमारी सोच खत्म हो जाती है। आचार्य श्री दुनिया को क्या बनाना चाहते थे, अगर वैसी दुनिया बन जाए तो दुनिया में दुख और तकलीफ खत्म हो जाएगी। आचार्य श्री ने सोच के साथ उसे प्रेक्टिकल करके भी दिखाया। उन्होंने वकीलों का, चार्टर्ड अकाउंटेंट का, इंजीनियरो का, पत्रकारों तक का सम्मेलन करा दिया। माताजी ने कहा कि आचार्य श्री में दृढ़ता थी और विश्वास था। आचार्य श्री ने सब को इकट्ठा कर दिया। जब उन्होंने पहली बार वकीलों का सम्मेलन किया तब साथ वकील आए थे। उस समय किसी श्रावक ने उनसे कहा था आचार्य श्री रहने दो, पर आचार्य श्री में साहस था, आशा थी, दृढ़ विश्वास था। और आगे चलकर 80000 वकीलों का सम्मेलन हुआ। आप लोग अपने घर के लोगों को इकट्ठा कर लो कि कल विधान करना है दोनों को आना है तो आप लोग कहेंगे मैं तो मेरी जानू उनकी वह देख लेंगे। तुम दो लोग भी इकट्ठे नहीं हो पाते हो।

# तीर्थंकर वासुपूज्य भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव मनाया



**फागी. शाबाश इंडिया**

कस्बे सहित परिक्षेत्र के चकवाडा, चौरू, नारेडा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेडा, लसाडिया एवं लदाना सहित कस्बे के आदिनाथ मंदिर, बीचला मंदिर,मुनि सुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, पार्श्वनाथ दिगंबर जैन तथा चंद्र प्रभु नसियां सहित सभी जिनालयों में जैन धर्म के 12 वें तीर्थंकर वासुपूज्य भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया,कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि इस अवसर पर परिक्षेत्र सहित कस्बे के सभी जिनालयों में विशेष आयोजन आयोजित किए गए तथा कार्यक्रम में शनिवार को प्रातः श्री जी के अभिषेक, शांतिधारा, अष्टद्रव्यों से पूजा अर्चना के बाद जयकारों के साथ चंद्र प्रभु नसियां में सामूहिक रूप से जैन धर्म के 12 वें तीर्थंकर वासुपूज्य भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक का अर्घ्य चढ़ाकर सुख समृद्धि की कामना की गई। कार्यक्रम में समाज सेवी सोहनलाल झंडा, केलास कलवाडा, सोभागमल पहाड़िया,सुरेश सांघी,सुरेश मांदी, टीकम गिंदोडी, रमेश बावड़ी,विनोद कलवाडा, त्रिलोक पीपलू, कमलेश चौधरी, तथा राजाबाबू गोधा सहित सभी श्रावक श्राविकाएं मोजूद थे।




श्री नेमिनाथाय: नमः

परम मुनिभक्त, प्रसिद्ध समाजसेवी

आरदणीय श्री पदम चन्द जैन बिलाला एवं श्रीमती पुष्पा देवी बिलाला

की 54वीं वैवाहिक वर्षगांठ 09.03.2024 पर मंगलमयी हार्दिक शुभकामनाएं



शुभाकांक्षी:-

पारस बिलाला (सीए)-दीपिका जैन

पहुप बिलाला (ईआर)-रूचिका जैन

आदिश्री, आदिश, आदित, आदिवा एवं समस्त बिलाला परिवार

फार्म : जैन पारस बिलाला एण्ड कम्पनी (सीए)

कार्यालय : 50 क 2, ज्योति नगर, जयपुर-05

शाखाएं : नई दिल्ली, मुंम्बई, नोएडा, कोटा, उदयपुर, जोधपुर

निवास: 21, शिवा कॉलोनी, इमली फाटक, जयपुर-15

# लघु तीर्थ स्वरूप जिन प्रसादः सुमति धाम

**इंदौर. शाबाश इंडिया।** गौरवशाली, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक परंपराओं के लिए प्रसिद्ध मालवा मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध स्वच्छ एवं स्मार्ट शहर इंदौर में एयरपोर्ट से 2 किलोमीटर आगे गांधीनगर के समीप विकसित टाउनशिप गोधा स्टेट में धर्म , समाज, संत और संस्कृति के प्रति समर्पित एक निर्भिमानी - महादानी सुश्रावक दंपत्ती मनीष- सपना गोधा द्वारा अपने स्व अर्जित धन से लघु तीर्थ स्वरूप एक भव्य एवं सुदर्शनीय सुमतिधाम का निर्माण एवं उसकी ऐतिहासिक एवं भव्यातिभव्य प्राण प्रतिष्ठा करवा कर दिगंबर जैन समाज को समर्पित किया जा रहा है। वैसे तो नगर में शताधिक जिनालय हैं, लेकिन देश के ख्याति प्राप्त वास्तु शिल्पी राकेश सोमपुरा के निर्देशन मे इंदौर के गोधा स्टेट में निर्मित लघु तीर्थ स्वरूप जिन प्रसाद( सुमति धाम ) नगर का पहला जिन मंदिर होगा जिसकी स्वर्ण से सज्जित वेदी में जैन धर्म के पंचम तीर्थंकर सुमित नाथ भगवान की वियतनाम से आयातित मार्बल की 51 इंच ऊंची श्वेत वर्णीय प्रतिमा मूल नायक के रूप में विराजमान की गई है जिसकी सुदर्शनीय छवि न केवल मनमोहक है बल्कि भक्तों पर अपनी करुणा बिखेरती प्रतीत होती है।



नागर शैली में निर्मित सुमतिधाम जिनालय का बाह्य स्वरूप बंसी पहाड़पुर के पाषाण से निर्मित एवं भीतर का स्वरूप श्वेत संगमरमर (मार्बल) से निर्मित है जिस पर की गई नक्काशी मनमोहन एवं वास्तु शिल्प कला का अनुपम उदाहरण है। मंदिर के सम्मुख परिसर में एक भव्य मान स्तंभ का भी निर्माण किया गया है जिस पर जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों की प्रतिमाएं विराजमान हैं। मंदिर परिसर में दस हजार वर्ग फीट में एक भव्य संत सदन का निर्माण भी किया गया है । मंदिर परिसर में प्रवेश के लिए लाल पाषाण से निर्मित एक भव्य एवं सुंदर प्रवेश द्वारा भी निर्मित किया गया है जो मंदिर को भव्यता प्रदान कर रहा है। सुमति धाम की ऐतिहासिक प्राण प्रतिष्ठा (6 मार्च से 11 मार्च) तक आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में संपन्न हो रही है। मंदिर के निर्माण एवं प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए ना तो किसी से दान लिया गया और ना ही बोली लगाई गई है संपूर्ण व्यय एवं व्यवस्था सुमतिधाम के पुण्यार्जक गोधा परिवार के सौजन्य से ही संपन्न हो रही है। सुमतिधाम जिनालय में प्रतिष्ठित होने वाली प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा, उसका तेजोमय आलोक एवं दिव्यता और पवित्रता जन-जन के हृदय मंदिर में प्रतिष्ठित आत्मा के देवता को भी प्राणवंत विवेक धर्मा बनाए ऐसी हम सब कामना करते हैं। **डॉक्टर जैनेंद्र जैन, 195 छत्रपति नगर इंदौर मोबाइल नंबर 942400 8100**

# डॉ.कांता मीना महिला शक्ति काव्य रत्न सम्मान से सम्मानित



नेपाल सरकार द्वारा पंजीकृत
सन्दर्भ - अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस, 8 मार्च
" शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन नेपाल " द्वारा आयोजित
अंतरराष्ट्रीय महिला शक्ति कविता प्रतियोगिता २०२४
" महिला शक्ति काव्य रत्न सम्मान "
सम्माननीय डॉ. कांता मीना जी, जयपुर, राजस्थान
आपने " अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस " के सन्दर्भ में संस्था द्वारा आयोजित " अंतरराष्ट्रीय महिला शक्ति कविता प्रतियोगिता " में अपनी कविता के माध्यम से भाग लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है जिसके लिए आपको " महिला शक्ति काव्य रत्न " की मानद उपाधि सम्मान स्वरूप प्रदान की जाती है।
आपके उज्ज्वल भविष्य तथा दीर्घायु जीवन के लिए हार्दिक बधाई तथा मंगलमय शुभकामनाएं।
आनन्द गिरि मायालु
अध्यक्ष
चरना कौर
चयन समिति सदस्य
कार्यालय - लुंबिनी, नेपाल , व्हाट्सॉप +977 9804583611

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



नेपाल सरकार द्वारा पंजीकृत शब्द प्रतिभा बहूक्षेत्रीय सम्मान फाउंडेशन के अध्यक्ष आनंद गिरि मायालु व चयन समिति सदस्य चरना कौर द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला शक्ति कविता प्रतियोगिता 2024 में शिक्षाविद् एवं हिंदी व राजस्थानी भाषा की साहित्यकार डॉ.कांता मीना को महिला शक्ति काव्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया है। डॉ. मीना की दो पुस्तकें काव्य संग्रह कैलाशी व कहानी संग्रह तरुशिखा प्रकाशित हों चुके है। व लेखन कार्य लगातार जारी है।



# दिगंबर जैन महिला मंडल ने मनाया महिला दिवस व फाग उत्सव




**चित्तौड़गढ़. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन महिला मंडल के तत्वाधान में शुक्रवार को मांगलिक धाम में महिला दिवस व फाग उत्सव का आयोजन किया गया। संरक्षिका मनोरमा अजमेरा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत मीतू जैन द्वारा प्रस्तुत मंगलाचरण से हुई।महिला महासमिति चित्तौड़गढ़ इकाई अध्यक्ष मंजु सेठी ने बताया कि महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान प्रकट करने हेतु अपने व्रत,नियम, तप आदि की जीवन भर पालना करने वाली प्रतिमाधारी महिलाएं श्रीमति सरस्वती जैन ओर श्रीमति मंजु टोंग्या का टीका व शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मनोरमा अजमेरा, मंजु



सेठी,डॉ तनुजा जैन,शुचिता गदिया,मैना बज आदि ने विचार व्यक्त व्यक्त किए। शिल्पी ,मोना गदिया ने लघु नाटिका प्रस्तुत की। मुनि सेवा समिति महिला मंडल की अध्यक्ष मैना बज ने बताया कि बादमें फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। महिलाओं ने डीजे की थाप पर एक से बढ़कर एक गीतों पर नृत्य की प्रस्तुतियां देकर खुशी का इजहार किया व अबीर गुलाल लगाकर होली खेलकर पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें आशा वैद,प्रियंका गदिया,नीलम चौधरी,अनिता टोंग्या का विशेष सहयोग रहा।कार्यक्रम दो बजे शुरू होकर पांच बजे तक चला। दोपहर में अल्पाहार व शाम को स्वरूची भोज की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर रही। इस अवसर पर नीलम पाटनी,प्रीति सोनी,मंजु वैद,ऋतु काला,सुलोचना छाबड़ा,प्रमिला बड़जात्या,शशि पाटनी,संगीता जैन,कमलेश सोनी,आशा अजमेरा,उर्मिला जैन,मंजु गदिया,मुन्नी जैन,सरोज पाटनी,वैजन्ती गदिया,नीलम अजमेरा, जुली दामावत,सरोज वैद,अभिलाषा पाटनी,अनिता जैन आदि मौजूद रही।

# जैन गुरू भगवंतों का आध्यात्मिक स्नेह मिलन प्रवर्तक सुकनमुनि और श्रीमद् विजय जयांनद सुरिश्वर का कमल विहार सांडेराव में



**सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया**

सांडेराव।जैन गुरू भगवंतों का आध्यात्मिक स्नेह मिलन।शनिवार को कमलविहार सांडेराव मे श्रमण संघीय स्थानक वासी प्रवर्तक सुकन मुनि उपप्रवर्तक अमृत मुनि युवाप्रणेंता महेश मुनि बालयोगी अखिलेश डॉ.वरूण मुनि आदि ठाणा 5 का मूर्ति पूजक आचार्य श्रीमद् विजय जयांनद सुरिश्वर म.सा.आदि ठाणा 7 का आध्यात्मिक मिलन हुआ। इसदौरान प्रवर्तक सुकनमुनि महाराज और आचार्य जयांनद ने कहा कि परम्पराओं से भल हे ही हम अलग है पर मन से एक है ।आज के समय में व्यावहारिकता एवं नैतिकता समाप्त हो रही है जो चिंता का विषय है। अलग-अलग विचारधाराओं को एकता के सूत्र में पिरोने से बहुत बड़ा गुलदस्ता तैयार हो सकता है। आज वर्तमान समय मे समाज की नई पीढ़ी धर्म के मार्ग से दूर होती जा रही है। जिससे परिवार में राग द्वेष के साथ ही बिखराव बढ़ता जा रहा है उन्हें धर्म से जोड़ने की आवश्यकता है वो तभी संभव हो पाएगा जब अपने आपसी मतभेद को छोड़कर समाज को नई दिशा दे पाएगे तभी जैन समाज एकता के सूत्र मे बंधकर परिवार के बिखराव को रोक सकता है ।इस दौरान उपप्रवर्तक अमृत मुनि मरूधरा ज्योति इन्दुप्रभा साध्वी चेतना डॉ.दर्शनप्रभा और महासती शुभाश्री आदि की उपस्थित मे कमल विहार के मीठ्ठालाल और सांडेराव जैन समाज के अनेक श्रध्दालुओं के साथ फालना के अमित मेहता तथा दासपा जैन समाज के पदाधिकारियों ने प्रवर्तक सुकनमुनि महाराज आदि ठाणा के पधारने की विनती रखी। प्रवक्ता सुनिल चपलोत ने जानकारी देते हुए बताया रविवार को प्रवर्तक सुकनमुनि,उपप्रवर्तक अमृत मुनि आदि संत तखतगढ़ होते हुए 14 मार्च को जालोर पधारेंगे।

# मुनि श्री विरंजन सागर के सान्निध्य में हुआ मंदिर जी का शिलान्यास समारोह

**राजेश जैन रागी. शाबाश इंडिया**



**रजपुरा, हटा. शाबाश इंडिया।** पूज्य गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य उपाध्याय श्री विरंजन सागर जी महाराज ससंघ के सान्निध्य में श्री पारसनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जी ग्राम रजपुरा के बीचोंबीच स्थित पुराने मंदिर को नवीन शिखर सहित भव्य मंदिर निर्माण हेतु भूमि पूजन एवं शिलान्यास समारोह विविध कार्यक्रमों के साथ किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में पवन कुमार भातपुरा वाले बिजावर को उपाध्याय श्री के पाद प्रक्षालन का सौभाग्य प्राप्त हुआ और समारोह के मुख्य अतिथि अशोक कुमार मझगुवां वाले बकस्वाहा सपरिवार को मुख्यशिला के साथ शिलान्यास करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर दानपुण्यार्जक अमरचंद ,सुनील कुमार, निर्मल चंद्र, आशीष कुमार, रविंद्र कुमार, आनंद कुमार, शिखर चंद ,संतोष कुमार जैन रजपुरा तथा अभिषेक जैन मडियादो, सुरेश चंद्र जैन बण्डा, प्रकाश चंद जैन जबलपुर सहित अनेक उपस्थित महिलाओं व समाजिक कार्यकर्ताओं ने शिलाएं रखकर पुण्यार्जन किया। इस शिलान्यास समारोह को विधि-विधान से पं. अजित शास्त्री रायपुर ने सम्पन्न कराया तथा सफल संचालन अभय जैन अकेला ने किया। इस अवसर पर समीपवर्ती नगर व ग्राम बकस्वाहा, हटा, पथरिया, बम्हौरी, शाहगंज, हीरापुर, मडदेवरा, सादपुर, मडियादो, बाजना, नैनागिरि, सुनवाहा आदि की समाज ने उपाध्यायश्री ससंघ को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# भ्रूण हत्या नहीं करने का सकल्प लेकर महिला दिवस मनाया

## चंदनबाला महिला मंडल शास्त्री नगर की महिलाओं ने

**भीलवाड़ा. शाबाश इंडिया**




भ्रूण हत्या सकल्प लेकर चंदबाला महिला मंडल शास्त्री नगर की महिलाओं ने मनाया महिला दिवस। शनिवार को अहिंसा भवन मे पूर्व सभापति मंजू पोखरना की अध्यक्षा मे चंदनबाला महिला मंडल महिला दिवस कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम की शुरूआत में सर्वप्रथम मंगलाचरण रजनी सिंघवी, सुनीता झामड़, वनिता बाबेल के द्वारा प्रस्तुत किया गया। समाज सेवा और धार्मिक कार्यक्रम से सहयोग प्रदान करने वाली महिलाओं में उमा आँचलिया,ललिता बाफना तथा मंडल की अध्यक्षा नीता बाबेल का मंडल की बहनो.द्वारा शोल माला तथा चुंदड़ी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मंडल की अध्यक्षा नीता बाबेल ने कहा कि महिला जगत का आधार है और स्त्री के बिना संसार की कल्पना अपूर्ण है। कार्यक्रम की अध्यक्षा मंजू पोखरना तथा बिंदु बापना, सुशीला छाजेड,लाड़ मेहता,अन्नू बापना, श्रेया बापना, अंजना छाजेड, कांता छाजेड, पुष्पा बापना, विपुला जैन, सुषमा जैन, स्मिता पिपाडा, प्रियंका बापना, अंगुरबाला पीतलिया संरक्षिका मंजू बापना आदि सभी अपने भाव व्यक्त करते हुए कहा कि कहा कि नारी ही नारी की सबसे बड़ी दुश्मन है। नारी बसंत के समान है इसके होने से सृष्टि खिल उठती है। इस दौरान कई गेम्स व तंबोला आदि प्रतियोगिता हुई जिसमे मंडल की सभी बहनों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने मे सरोज मेहता,आशा संचेती , रश्मि लोढ़ा ,मधु सांड,अनीता संचेती कैलाश चौधरी लाड़ बाबेल,प्रीति पोखराना,रानु कोठारी, निशा बापना, कोमल सालेचा,उषा बाबेल, नीलू खटोड़, रिंकु रांका, कविता नाहर ने सेवाये प्रदान की और अंत मे सभी महिलाओं ने भ्रूण हत्या के साथ का समाज की महिलाओं आगे बढ़ाने का सकल्प लिया। कार्यक्रम संचालन रजनी सिंघवी तथा आभार नीता बाबेल मंजू बापना ने किया।

**-प्रवक्ता निलिष्का जैन**

# नेटथियेट पर कथक कला गतभाव, लय में कथक की बारीकियां छलकी



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

नेटथियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज राजस्थान के सुप्रसिद्ध कथक के सशक्त हस्ताक्षर कथक डांसर जय कुमार जवड़ा ने अपने भावपूर्ण कथक नृत्य से जयपुर कथक की बारीकियों को बड़ी खूबसूरती से पेश किया। नेटथियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू बताया कि कथक कलाकार जय कुमार ने अपने कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना गणपति विध्न हरो, गजानंद विराजत चंद्रमा भाल से की ' इसके बाद शुद्ध जयपुर कथक में उपज, आमद, चक्करदार तोडे, तिहाईया,परण, टुतलय, चक्करदार परणे,कवित और गतभाव, तत्कार, की प्रस्तुति से जयपुर कथक को साकार किया। अंत में नारायण प्रसाद जी की रचना पर आधारित ठुमरी ऐसो हठीलो छैल मग रोकता है गिरधारी बनवारी की सुंदर प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया । कथक कलाकार जयकुमार के नृत्य में लयकारी, ताल एवं गतभाव की स्पष्ट झलक देखने को मिली। इनके साथ तबले पर सुप्रसिद्ध तबला वादक परमेश्वर लाल कथक ने अपनी उंगलियों का ऐसा जादू बिखेरा की कथक नृत्य की बारीकियां खिल उठी । पढत और गायन पर राजेंद्र कुमार जवडा, सारंगी पर मोइनुद्दीन खान और हारमोनियम पर भंवरलाल कथक की शानदार संगत ने कार्यक्रम को ऊंचाइयां दी । कार्यक्रम का संचालन राहुल गौतम ने किया । कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी, कैमरा मनोज स्वामी, संगीत सागर गढ़वाल एवं तपेश, मंच सज्जा जीवितेश एवं अंकित शर्मा नोनू की रही ।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास से मनाया



**मनीष पाटनी. शाबाश इंडिया**

अजमेर। श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवम युवा महिला संभाग अजमेर के तत्वावधान में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस एवम फाग उत्सव बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की विशेष अतिथि अजमेर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र की यशस्वी विधायिका श्रीमती अनिता भदेल रही । समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती शीला डोडया, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीमती वंदना जैन,राजस्थान अंचल की अध्यक्ष श्रीमती शालिनी बाकलीवाल ने जयपुर से आकर कार्यक्रम की शोभा बढाई। महिला संभाग अध्यक्ष मधु पाटनी ने बताया कि आयोजित कार्यक्रम में जैन समाज की अस्सी वर्ष से अधिक आयु की महिलाओ एवम चिकित्सको के साथ प्रशासनिक क्षेत्र में सेवाएं देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया । साथ ही अंतराष्ट्रीय महिला दिवस को रोचक बनाने के लिए फाग उत्सव मनाया जिसमे समिति की सदस्याएं सांस्कृतिक एवम मनोरंजन कार्यक्रम की प्रस्तुति में केसर गंज ईकाई, जाटियावास ईकाई, पंचशील नगर ईकाई,सोनी नगर ईकाई की सदस्याओं द्वारा दी गई समिति संरक्षक निर्मला पांड्या ने सभी पदाधिकारीगण व केसरगंज ईकाई सदस्याओ के साथ आचार्य श्री विद्यासागर महाराज को भावभीनी श्रद्धांजली दी पूर्व अध्यक्ष शिखा बिलाला ने बताया कि सभी डॉक्टर्स ने समाज मे चल रही समस्याओ पर अपना उद्बोधन देते हुए निदान के बारे में बताया कि युवा महिला संभाग अध्यक्ष सोनिका भैंसा एवम मंत्री सरला लुहाडिया ने जानकारी दी कि कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती कमलेश राकेश पालीवाल श्रीमती सुधा मुकेश पालीवाल,विशिष्ट अतिथि श्रीमती आशा आरती गदिया,पुरस्कार प्रदाता एवम चित्र अनावरणकर्ता श्रीमती सरोज सुमन गदिया, शशिकला विनिता गदिया एवम दीप प्रज्जलवनकर्ता श्रीमती मंजुला सुरेंद्र पाटोदी रहे। मंच का संचालन युवा संभाग संस्थापक श्रीमती अर्चना गंगवाल ने किया।

# महावीर इंटरनेशनल उदयपुर द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का हुआ आयोजन




**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में महावीर इंटरनेशनल उदयपुर एवं जी.बी.एच. जनरल हॉस्पिटल उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर श्री दिगंबर जैन बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के सहयोग से विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया ।जिसमें डॉक्टर के द्वारा जांच एवं निशुल्क दवाइयां का वितरण भी किया गया। शिविर में कुल 850 से भी अधिक बालिकाओं, अभिभावकों स्थानीय लोग एवं विद्यालय के अध्यापक गण एवं कर्मचारीयो ने लाभ लिया। समापन समारोह में सेवा प्रदाता एवं जोन से पधारे स्वास्थ एवं चिकित्सा कन्वीनर फिजिशियन वीर डॉ.एस.के जौहरी ने आभार व्यक्त किया एवं जांच में पाए गए रोगियों के फॉलोअप पर विशेष ध्यान देने पर जोर दिया। जी.बी.एच. जनरल हॉस्पिटल से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. इशा अरोडा, डॉ. रुचिका अरोड़ा, मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. शिल्पा काकानी, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. रवि सांखला डॉ. आनंदिता आमेटा, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. निकुंज व ग्रुप डायरेक्टर डॉ. आनंद झा, प्राइम क्लीनिक से फिजिशियन डॉ. विनोद बोकाडिया, महावीर इंटरनेशनल से स्त्री रोग विशेषज्ञ वीरा डॉ. कमला कंवरानी, वीरा डॉ.सुशीला सांखला, फिजियन वीर डॉ. एस.एस.मेहता, वीरा डॉ . मैना जैन अस्थिरोग विशेषज्ञ वीर डॉ. अजय सांखला, दंत रोग विशेषज्ञ वीरा डॉ. अनुष्का झोटा फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. ध्रुवी जैन, डॉ. सहाना अंसारी ने अपनी सेवाएं दी उनका सम्मान मुख्य अतिथि पूर्व अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष राज लोढ़ा, पूर्व अंतरराष्ट्रीय उपाध्यक्ष आर. के.चतुर, एवं ट्रस्टी सदस्य बी. एल.खमेसरा द्वारा किया गया। विशिष्ठ अतिथि अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीर गौतम जी राठौर के द्वारा कपड़े की थैली मेरी सहेली प्रकल्प के तहत 300 जूट बैग का वितरण भी किया गया। महावीर इंटरनेशनल के अध्यक्ष वीर सुनील गांग ने अध्यक्षीय उद्बोधन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विद्यालय अध्यापिकाओ बच्चियों एवं महिला कर्मचारियों को बधाई प्रेषित की। विद्यालय प्रिंसिपल श्रीमती कला करणपुरिया ने विद्यालय के बारे में जानकारी साझा करते हुए महावीर इंटरनेशनल उदयपुर केंद्र एवं जी.बी.एच. जनरल चिकित्सालय का धन्यवाद अर्पित किया जी.बी.एच.जनरल चिकित्सालय से आए हुए श्री सुभाष जी ने बताया कि प्रत्येक तीन माह में हमारी ओर से पूर्ण सहयोग के साथ और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा सकता है। प्रातः 9:00 से 2:00 तक के इस शिविर में जोन चेयरमैन वीर आशीष जैन, केंद्र कोषाध्यक्ष वीर अशोक खुर्दिया, सदस्यगण वीर नवल सिंह खमेसरा, वीर देवेंद्र जैन, वीर राजेंद्र भंडारी, वीर अरविंद मेहता, वीरा स्नेहलता गांग, वीरा कृष्ण भंडारी, वीरा स्वराज जैन, वीर पारस हिंगड़, वीरा आशा हिंगड़, वीरा मंजू जौहरी, वीर गणेश डागलिया की सराहनीय सेवाएं रही। केंद्र सचिव वीर रवींद्र सुराणा ने धन्यवाद की रस्म अदा की एवं राष्ट्र गान के साथ सेवा कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में महाशिवरात्रि के पर्व और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में भव्य कार्यक्रम का आयोजन




**नरेश सिगची. शाबाश इंडिया**

रावतसर। ओम शांति प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में महाशिवरात्रि के पर्व और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस अवसर पर शिव बाबा के जन्मदिवस की सभी को बधाई दी साथ में केक कटिंग हुआ शिव ध्वज फहराया गया शहर के मुख्य मार्ग से शोभायात्रा निकाली गई इस शुभ अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीलम सहारण कांग्रेस महिला मोर्चा अध्यक्ष प्रवीना मेघवाल वार्ड पार्षद सुशीला भारी पूर्व विधायक द्रौपदी मेघवाल शसी आई वेदपाल सहाराण मौजूद रहे ब्रह्माकुमारी अनीता ने शिव ध्वज के नीचे सभी से प्रतिज्ञा करवायी कि हम सभी एक पिता के संतान के रूप में भाईचारे से रहेंगे रात्रि कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी नीलिमा ने शिवरात्रि का आध्यात्मिक का अर्थ समझाते हुए बताया शिव धरती पर अवतरित होते हैं पाप की रात्रि में आज्ञान की रात्रि में उसकी यादगार में हम यह पर्व मनाते हैं शिव हम सभी मनुष्य आत्माओं के परमपिता है सभी धर्म उनको ज्योति स्वरूप रूप में मानते हैं कार्यक्रम में चूरू सेवा केंद्र से पधारे सुमन दीदी ने मातृशक्ति को अपने शिव शक्ति स्वरुप में स्थित होकर भारत को स्वर्ग बनाने के लिए शिव के सहयोगी बनने का आह्वान किया नोहर से प्रधारी हुई रेखा बहन ने सभी को राजयोग का अभ्यास कराया।

## सादा जीवन उच्च विचार के धनी थे समाजसेवी स्व. रतनलाल छाबड़ा

### राजस्थान जैन सभा के पूर्व अध्यक्ष को जैन बन्धुओं ने दी श्रद्धांजलि




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान जैन सभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. रतनलाल छाबड़ा के निधन पर सभा द्वारा आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन ने कहा कि स्व. रतनलाल छाबड़ा ने जीवन पर्यन्त कभी भी नाम, पद, सम्मान को अपने जीवन में नहीं उतारा। सादा जीवन उच्च विचार के धनी थे स्व. रतनलाल छाबड़ा। राजस्थान जैन सभा जयपुर की स्थापना से ही वे राजस्थान जैन सभा के पर्याय बन चुके थे। तत्पश्चात राजस्थान जैन सभा के पूर्व अध्यक्ष रमेश चन्द गंगवाल ने अपने लिखित शोक सन्देश को पढकर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ उपाध्यक्ष दर्शन जैन व उपाध्यक्ष मुकेश सौगानी ने कहाँ कि स्व. रतनलाल छाबड़ा ने सदैव ही समाज सुधार के कार्य को महत्व दिया और जन-जन में जैन धर्म की प्रभावना की। इस मौके पर महामंत्री मनीष बैद एवं मंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने भी श्री छाबडा द्वारा समाज हित में किये गये कार्यों पर प्रकाश डाला। साथ ही राजस्थान जैन सभा के पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष जय कुमार गोधा के निधन पर भी शोक संवेदना प्रकट की गई। अन्त में सभी ने दोनो दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु तीन मिनिट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। सभा में में कार्यकारिणी सदस्य शामिल हुए।



# अभिषेक शान्ति धारा, सन्तों को आहार व आशीर्वाद के साथ मनायी शादि की वर्षगांठ

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान प्रांत राजस्थान के प्रांतीय अध्यक्ष परम मुनि भक्त व समाज सेवी पदम जैन बिलाला - पुष्पा बिलाला ने शादी की 54 वी वर्ष गाँठ के दिन का शुभारंभ जनकपुरी मन्दिरजी में अभिषेक व शांति धारा के साथ किया। तदुपरांत आचार्य सुनील सागर जी के कामा से श्री महावीर जी के लिए चल रहे विहार के दौरान संघ के भुसावर प्रवास में पहुँच कर अतिशय कारी आदिनाथ भगवान के अभिषेक करने व आचार्य श्री को आहार देने का परम सोभाग्य प्राप्त किया ।आचार्य श्री तथा उपाध्याय शशांक सागर जी , मुनि युधिष्ठर सागर जी , आर्यिका संगीत मति माताजी सहित संघ के साधुओं से दम्पति ने आशीर्वाद प्राप्त किया। भुसावर में मन्दिर समिति अध्यक्ष तथा अनूप जैन ने दम्पति का अभिनंदन किया। इधर आचार्य श्री ससंघ के विहार तथा प्रवास में मुनि भक्त त्रिलोक जी गोधा मुनि संघ समिति के ओम प्रकाश काला , मुकेश जैन , रमेश पाटोदी , जैन बैंकर्स फोरम के भाग चंद मित्रपुरा ,धर्म जागृति संस्थान के संजय बडजात्या , महेश काला , कमलेश पाटनी , सोभाग अजमेरा , अंकुर जैन सहित कई भक्त जनों की उपस्थिति रही ।प्रवेश के समय आचार्य श्री ने भुसावर में मुख्य चौक पर जनता को संबोधित किया ।

